## खबर संक्षेप

### बिना अनुमति के पाये जाने पर एक प्रचार वाहन जप्त

**छिन्दवाड़ा।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी छिंदवाड़ा श्री शीलेन्द्र सिंह द्वारा दिये गये निर्देशों के परिपालन में लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत नियुक्त किये गये एफएसटी दलों द्वारा सघन जांच की जा रही है। इसी परिप्रेक्ष्य में आज एफएसटी दल थाना देहात द्वारा अपने क्षेत्र के भ्रमण के दौरान एक माल वाहक प्रचार वाहन क्रमांक MP 28 L 1755 बिना अनुमति के पाये जाने पर जप्त किया जाकर थाना देहात के सुपुर्द किया गया। एफएसटी दल थाना देहात प्रभारी ने बताया कि दल द्वारा अपने क्षेत्र के भ्रमण के दौरान एक माल वाहक प्रचार वाहन रोका गया और ड्रायवर से पूछताछ की गई। वाहन की विंड स्क्रीन पर अनुमति के अंतिम पृष्ठ की छायाप्रति मात्र लगी हुई पाई गई जिसमें वाहन क्रमांक अनुमति की अवधि आदि का कोई उल्लेख नहीं है। ड्रायवर द्वारा बताया गया कि वाहन भाजपा कार्यालय छिंदवाड़ा से भेजा गया है।

### घटलिंगा में करोड़ों के भवन निर्माण में लगना है हजारों घन मीटर रेत

# घटलिंगा के जंगल में चल रहा अवैध उत्खनन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ तामिया



तामिया वन परिक्षेत्र की बीटो में बहने वाली जिन नदियों में, रेत उपलब्ध है। , वहां रेत का अवैध, उत्खनन वन भूमि की नदियों में ना होता हो। ऐसी कोई नदी नहीं बची है। सर्वाधिक रेत का उत्खनन कुआं बादला के खुटटी के जंगल की नदियों हो चुका है। एवं भाणी के जंगल में तो यहां पर तैनात नाकेदार की मिली भगत से रेत का अवैध उत्खनन लगातार होता चला रहा है। इतनी सारी नदियों से रेत का अवैध उत्खनन होना और रेंजर का अंजान बने रहना उनकी कार्य प्रणाली पर सवाल भी खड़े करता है। क्योंकि या तो इन क्षेत्र के नाकेदारों को रेंजर का भय नहीं है। या फिर उनका उन्हें संरक्षण मिला हुआ है। इस कारण इन नदियों से नाकेदारों की मिली भगत से रेत का अवैध उत्खनन जंगल से होता चला रहा है। रेत चोरों ने घट लिंगा सर्कल को अपना रेत उत्खनन का अड्डा बना लिया है। जिसका प्रत्यक्ष उदाहरण है । कि घट लिंगा में सरकारी भवन निर्माण कार्य चल रहा है। जिसमें यहाँ पर 10 वर्षो से भी अधिक पदस्थ नाकेदार की, मिली भगत से इस भवन निर्माण के लिए गुड़ी छत्री के जंगलों से रेत निकाली जा रही है। और ठेकेदार को अवैध रूप से नाकेदार रेत बेच रहा है। वही ग्रामीणों में नाकेदार के खिलाफ नाराजगी भी है। कि हमें अपने निजी कार्य के लिए रेत लाना होता है। तो नाकेदार कार्रवाई की धमकी देकर हमें रेत लाने को मना करते हैं। लेकिन ठेकेदार का करोड़ों की लागत से बन रहे भवन में लाखों की रेत सप्लाई की जा रही हैं। इस तरह अब तामिया रेंज की अन्य वीटो की तर्ज पर घट लिंगा में भी रेत का उत्खनन वहां के नाकेदार की मिली भगत एवं डिप्टी रेंजर के मौन के कारण रेत का अवैध उत्खनन होता चल आ रहा है। वही रेंजर द्वारा इस क्षेत्र में दौरा नहीं करना रेत चोरी को बढ़ावा देने जैसा सिद्ध होता जा रहा है। वही नाकेदार, ठेकेदार से मिलकर घट लिंगा क्षेत्र की नदियों से रेत का आघोषित व्यवसाय भी कर रहे हैं।

### जिपं सदस्य संदीप मोहोड़ ने किया सभी का स्वागत

## रामाकोना के युवाओं ने कांग्रेस छोड़ ओढा भाजपा का दुपट्टा



हरिभूमि न्यूज ▸▸ सौंसर

कांग्रेस का दामन छोड़ इन दोनों बड़े पैमाने पर कार्यकर्ता भाजपा की शरण में जा रहे हैं। बीते दिनों जनपद पंचायत सदस्य एवं आदिवासी नेताओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने के बाद अब रामाकोना क्षेत्र के कांग्रेस नेताओं ने कांग्रेस को बाय-बाय करते हुए भाजपा का दुपट्टा ओढ़ लिया है। भाजपा कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार को हिन्दू नववर्ष के पावन पर्व पर हिंदुत्व को आगे बढ़ाने वाली पार्टी भाजपा मे रामाकोना से श्याम ठाकरे के नेतृत्व मे पूर्व मंत्री नाना मोहोड़ के निवास स्थान पर अनेक युवा कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस को गुड बाय करते हुए भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की है। इस दौरान भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने पर पूर्व मंत्री नाना मोहोड़, जिला पंचायत सदस्य संदीप मोहोड़, भाजपा जिला उपाध्यक्ष राहुल मोहोड़ ने नितेश बरदे, विजय धुन्डे,उदय जायसवाल, नितिन नराणजे,लक्ष्मन पाल,प्रकाश इंधाते, आकाश कामटे, रेवनाथ चौधरी का पार्टी के दुपट्टे पहनाकर का स्वागत सत्कार किया।

## अखंड श्री रामकथा महोत्सव में शामिल हुई पूर्व सांसद अलका नाथ



हरिभूमि न्यूज ▸▸ सौंसर

सोमवार को औद्योगिक क्षेत्र के ग्राम बोरगांव में आयोजित श्रीराम दरबार मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा एवं अखंड संगीतमय श्रीराम कथा महोत्सव में पूर्व सांसद श्रीमती अलका नाथ सम्मिलित हुई तथा कथा वाचक सुश्री राधा शर्मा जी से आशीर्वाद प्राप्त किया तथा कथा का श्रवण कर विधिवत पूजन-अर्चन जिले की खुशहाली एवं क्षेत्र वासियों के स्वास्थ्य लाभ के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। पूर्व सांसद श्रीमती अलका नाथ के द्वारा इस दौरान ग्रामीण महिलाओं से मुलाकात करते हुए उनका हाल-चाल जाना। इस अवसर पर विधायक विजय चौरे श्रीमती प्रतिभा चौरे,सरपंच पंकज दातारकार, घनश्याम कालबांडे,दिलीप गुर्वे,श्रीमती प्रतिभा चौरे,श्रीमती नेहा जोगी,श्रीमती भारती चौरे,श्रीमती गायत्री कालबांडे,श्रीमती रामशिला सूर्यवंशी, सविता हिंगवे के अलावा बड़ी संख्या में महिला शक्ति प्रमुखता से उपस्थित थी।

## भाजपा करती है आदिवासियों का सम्मान : रविशंकर परानी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ छिंदवाड़ा



स्वतंत्रता संग्राम सेनानी बादल भोई के पोते रविशंकर परानी व्दारा अपने परिवार के साथ भाजपा प्रत्याशी बंटी विवेक साहू के हस्ते ग्राम डुंगरिया तितरा में जनसंपर्क के दौरान भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। भाजपा प्रत्याशी बंटी विवेक साहू ने श्री परानी को भाजपा का दुपट्टा उढ़ाकर स्वागत किया। श्री परानी ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने के उपरांत कहा कि भाजपा आदिवासियों का सम्मान करती है। उन्होंने कहा कि नकुल नाथ ने आदिवासियों के राजा कमलेश शाह जी के लिए जिस प्रकार अपशब्दों का प्रयोग किया है ये पूरे आदिवासी समाज का अपमान है। ये भाजपा का आदिवासियों के सम्मान का प्रतीक ही है कि आज आदिवासी समाज की बेटी श्रीमती द्रोपदी मुर्मू देश के राष्ट्रपति पद को सुशोभित कर रहीं हैं। उसी तरह हमारे जिले की बेटी सुश्री अनुसूईया उइके राज्यपाल के पद को सुशोभित कर रहीं हैं। श्री परानी ने कहा कि भाजपा हम सभी आदिवासी परिवार की जरूरतों को समझती है। प्रधानमंत्री जी ने हमारे आदिवासी परिवारों के घर बनवाने का काम कर रहे हैं। भाजपा प्रत्याशी बंटी विवेक साहू ने स्वातंत्र्य वीर सम्माननीय बादल भोई के पोते रविशंकर परानी का स्वागत करते हुए कहा कि मैं और पूरा भाजपा परिवार आप का स्वागत करते हैं। भाजपा हमेशा से आदिवासियों का सम्मान करती है। मैं भाजपा परिवार की ओर से सभी आदिवासी भाइयों को विश्वास दिलाता हूं कि उनके सम्मान में कहीं भी कमी नहीं होगी। इस अवसर पर भाजपा प्रत्याशी के साथ भाजपा नेत्री श्रीमती ज्योति डेहरिया, भाजपा जिला उपाध्यक्ष कमलेश उइके, भाजपा मंडल अध्यक्ष मनीष यादव, देवीपाल जिला पंचायत सदस्य अरूण यदुवंशी, मंडल प्रभारी बल्लू नागी, महामंत्री बसंत वंशपति, सरपंच सुनील परतेती, शिवपुरी मंडल प्रभारी, रूपेन्द्र डेहरिया सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणवासी उपस्थित रहे।

### एसडीएम को वार्डवासियों ने सौंपा ज्ञापन

## चुनाव निपटाने में व्यस्त जिम्मेदार, पानी के लिए लोग, मचा रहे हाहाकार



हरिभूमि न्यूज ▸▸ परासिया

इन दिनों चुनाव का माहौल है। जिसमें सारे जिम्मेदार व्यस्त हैं। वहीं परासिया नगर के कुछ वार्डों के लोग पीने के पानी के लिए हाहाकार मचा रहे हैं। कांग्रेस पार्षदों ने इस मामले में आवाज उठाई है गौरतलब है , कि परासिया नगर पालिका के वार्ड क्रमांक 17 , 18 , 19 , 20 और 21 में पीने का पानी 8 से 10 दिनों के अंतराल में दिया जा रहा है। वहीं इन क्षेत्रों में पीने के पानी के लिए अन्य कोई स्रोत नहीं है , जहां से लोगों को पीने का पानी मिल सके। इन वार्डो के लोग पीने के पानी के लिए पूरी तरह से नगर पालिका पर निर्भर है , लेकिन उनकी इस समस्या को लेकर कोई खास कदम नहीं उठाया जा रहे हैं। इसके विपरीत चुनाव का माहौल है और सभी दल के नेता , जनप्रतिनिधि अपने - अपने दाव ठोंक रहे हैं। अपने - अपने कार्यो का बखान कर रहे हैं। वहीं जिम्मेदार अधिकारी चुनाव निपटाने में व्यस्त हैं। वार्ड वासियों की इस समस्या को लेकर कांग्रेस पार्षद पूनम कैथवास , प्रतिभा सोनी , रुकमा बंसोड़ , नीलोफर खान , पूजा मरकाम , प्रतिमा बैस , बृजेश भलावी और वीर बहादुर ने लोगों को पीने का पानी नियमित रूप से उपलब्ध कराने के लिए एसडीएम को ज्ञापन सौंपा है और उचित कदम उठाए जाने की मांग की।

## आज जुन्नारदेव-दमुआ में सीएम करेंगे रोड शो

**जुन्नारदेव/दमुआ।** बुधवार को प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का छिंदवाड़ा आगमन होगा। जहां मुख्यमंत्री डॉ. यादव जिले के कोयलांचल में भाजपा प्रत्याशी बंटी विवेक साहू के पक्ष में रोड शो करेंगे। भाजपा जिलाध्यक्ष श्री शेषराव यादव ने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का 10 अप्रैल को सुबह 11:00 बजे वायुयान से छिंदवाड़ा हवाई पट्टी पर आगमन होगा। जहां से हेलीकॉप्टर द्वारा 11:25 पर दमुआ हेलीपैड पहुंचेंगे। जहां 11:25 से 12:15 तक मुख्यमंत्री दमुआ नगर में रोड शो और नुक्कड़ सभा करेंगे। जिसके उपरांत मुख्यमंत्री का घोड़ावाड़ी, डुंगरिया से जुन्नारदेव नगर आगमन होगा, जहां मुख्यमंत्री रोड शो कर नुक्कड़ सभा को संबोधित करेंगें। जुन्नारदेव के बाद मुख्यमंत्री 1:10 बजे से 2:30 बजे तक चांदामेटा एवं परासिया में रोड शो और नुक्कड़ सभा करेंगे। तत्पश्चात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव हेलीपेड परासिया से अहीरवाड़ा हर्रई के लिए प्रस्थान करेंगें। जहां स्थानीय कार्यक्रम में भाग लेंगे। स्थानीय समय 3:30 बजे मुख्यमंत्री ग्राम अहीरवाड़ा से मुंगवानी विस गोटेगांव के लिए प्रस्थान करेंगे।

## जिले में सर्वाधिक मतदान के लिए चलाया जा रहा है जागरूकता अभियान



**छिंदवाड़ा।** कलेक्टर श्री शीलेंद्र सिंह एवं मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक श्री अखिलेश जैन के मार्गदर्शन मे जिले मे सर्वाधिक मतदान के लिए विविध जन जागरुकता अभियान चलाए जा रहे है। जिले में नवांकुर संस्थाएं, परामर्शदाता , प्रस्फुटन समितियां एवं सीएमसीएलडीपी के विद्यार्थी प्रमुख योगदान दें रहे है।लोकतंत्र के महापर्व 19 अप्रैल 24 को सुनिश्चित मतदान दिवस पर शतप्रतिशत मतदान हेतू आज परामर्शदाता श्री विनोद तिवारी, श्रीमति लता नागले, श्रीमति तृप्ति सिंह, श्री जय प्रकाश सूर्यवंशी, श्री आशीष साहू के नेतृत्व मे छिंदवाड़ा विकास खण्ड के सेक्टर क्र 1 मे जन जागरुकता अभियान चलाया गया जिसमे ग्राम झंडा, खैरीभूताई में घर घर जाकर , व साप्ताहिक बजार मे जाकर मतदान दिवस पर मतदान करने स्थानीय निवासियों के साथ निष्पक्ष मतदान की शपथ दिलाई गई। चुनाव का पर्व, देश का गर्व ₹का संदेश देने के लिए झंडा , खैरिभूताई मे बहुउद्देशिय शैक्षिणीक विकास समिती नवांकुर संस्था, परामर्शदाता , बीएसडब्ल्यू एमएसडब्ल्यू के छात्र रघुवीर सिंह तोमर , रितु बोपचे, ज्योतिराज भलावी मुख योगदान दिया।

## युवा भाजपा नेता सक्सेना ने 8 नंबर वार्ड में किया जनसंपर्क



हरिभूमि न्यूज ▸▸ छिंदवाड़ा

युवा भाजपा नेता अजय सक्सेना एवं वरिष्ठ भाजपा नेता इंद्रजीत सिंह बैस ने नगर निगम छिंदवाड़ा के वार्ड 8 में लोकसभा प्रत्याशी बंटी विवेक साहू के पक्ष में जनसंपर्क किया। युवा भाजपा नेता अजय सक्सेना जनसंपर्क कर वार्ड की जनता को केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकार की विकासवादी नीति के विषय में जानकारी देते हुए तीसरी बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा की विकासवादी सरकार बनाने की अपील की। भाजपा युवा नेता अजय सक्सेना एवं वरिष्ठ भाजपा नेता इंद्रजीत सिंह बैस के साथ नगर निगम सभापति प्रमोद शर्मा, पंकज शुक्ला, छोटू पाल, लव ठाकुर, कुश ठाकुर, रुपेश राजपूत, ऋषि ठाकुर, दीपांशु श्रीवास्तव, नितिन यादव, लकी राजपूत, रुपेश पटेल, सतीश सोनी, साबिर, यश सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

## बारिश और ओलावृष्टि के बीच प्रशंसकों के बीच शिवराज सिंह चौहान

### आदिवासी अंचल चावलपानी में ली जनसभा, भाजपा कार्यकर्ता रहे मौजूद

हरिभूमि न्यूज ▸▸ छिंदवाड़ा



सोमवार रात प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान भारी बारिश और ओलावृष्टि के बीच अपने प्रशंसकों से मिलने दूरस्थ आदिवासी ग्राम चावलपानी पहुंचे। अपने प्रिय जनप्रतिनिधि को अपने सामने पाकर ग्रामीणों ने ₹आई लव यू मामाजी₹ का जिसके जवाब में पूर्व मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने ₹आई लव यू टू₹ कहकर जनसभा के मिजाज में रंग भर दिया।

लोकसभा प्रत्याशी बंटी विवेक साहू के पक्ष में सभा लेने पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि चावलपानी पहुंचने के क्रम में दो-दो बार बारिश हुई और ओले आए लेकिन यह भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता और प्राणों से प्यारी जनता है जो इन परिस्थितियों में भी डटी रही। मैं दोनों हाथ जोड़कर आपको प्रणाम करता हूं। उन्होंने कहां कि हम आंधी में भी आते हैं, तूफान में भी आते हैं क्योंकि यह भारतीय जनता पार्टी है, जो जनता से प्यार करती है।

पूर्व मुख्यमंत्री ने कहां कि एक तरफ भारतीय जनता पार्टी है और दूसरी तरफ आज कांग्रेस नेता राहुल गांधी जी शहडोल आए थे, वहां उनका चॉपर नहीं उड़ा तो बोले फ्यूल खत्म हो गया। अरे कांग्रेस का ही फ्यूल खत्म हो गया, तो राहुल के हेलीकॉप्टर में कहां से फ्यूल आएगा। फ्यूल खत्म होने के कारण राहुल गांधी का विमान टेक ऑफ नहीं हुआ लेकिन अब कांग्रेस भी टेक ऑफ नहीं हो रही है और अब यह टेक ऑफ होने भी नहीं वाली। राहुल गांधी जी को कितना भी टेक ऑफ करो मैडम सोनिया गांधी राहुल टेक ऑफ नहीं होने वाले हैं, कांग्रेस अब रसातल पर जाने वाली है। उन्होंने कहा कि एक तरफ राहुल गांधी टेक ऑफ नहीं हो रहे हैं, दूसरी तरफ छिंदवाड़ा में भी नकुलनाथ टेक ऑफ नहीं हो रहे हैं। आमजनों को संबोधित करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहां कि तीसरी बार 400 से अधिक सीटों के साथ माननीय मोदीजी प्रधानमंत्री बनने वाले हैं, प्रधानमंत्री को विजय उपरांत कमल फूल की माला पहनाई जाएगी।

## जिले के भविष्य के लिये कार्य किया है और करता रहूंगा

### रामपुर और जमकुंडा में बोले सांसद नकुलनाथ



हरिभूमि न्यूज ▸▸ छिंदवाड़ा

जुन्नारदेव विधानसभा क्षेत्र के रामपुर व जमकुण्डा में आयोजित विशाल जनसभा को सम्बोधित करते हुये सांसद श्री नकुलनाथ ने कहा कि मैंने और पिता श्री कमलनाथ जी ने संसदीय क्षेत्र छिन्दवाड़ा के बेहतर भविष्य के लिये कार्य किया है और आगे भी करते रहेंगे। हमने कभी गारंटी नहीं दी, लेकिन विकास के कार्यों को पूरी गति से किये हैं। यहां उपस्थित सभी मेरे परिवार के सदस्य है जिनसे मेरे 44 वर्ष पुराने सम्बंध है। समय के साथ संबंधों की यह डोर और मजबूत होगी। सांसद श्री नाथ आयोजित सभा के मंच से अपने संसदीय क्षेत्र की जनता को चैत्र नवरात्रि व हिन्दू नववर्ष की हार्दिक शुभकामनायें दी। सांसद नकुलनाथ ने अपने उदबोधन में कहा कि मेरे पिता श्री कमलनाथ ने छिन्दवाड़ा को विश्व स्तर पर पहचान दिलाई साथ ही मैंने भी अपने संसदीय क्षेत्र को चिकित्सा, चिकित्सा शिक्षा, तकनीकी शिक्षा का हब बनाया। स्वास्थ्य सुविधायें व चिकित्सा शिक्षा मुहैया कराने के लिये छिन्दवाड़ा इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस की स्थापना की। अपने जिले के युवाओं को विश्वविद्यालयों से जुड़े कार्यों के लिये कहीं और ना भटकना पड़े इसके लिये राजा शंकर शाह विश्विद्यालय खुला और विद्यार्थियों की अन्य महाविद्यालयों पर निर्भरता समाप्त की। कृषि प्रधान जिले को हार्टिकल्चर कॉलेज की सौगात दी, जहां युवा शिक्षा प्राप्त कर भविष्य संवार रहे हैं।

## कांग्रेस विधि प्रकोष्ठ ने पुलिस अधीक्षक से की शिकायत

**छिन्दवाड़ा:-** जिले के युवा व संवेदनशील सांसद श्री नकुलनाथ की आवाज एवं फोटो में एडिटिंग कर शंकास्पद वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करने वाले के खिलाफ तत्काल आपराधिक धाराओं में प्रकरण पंजीबद्ध किये जाने की मांग की है। कांग्रेस युवा विधि प्रकोष्ठ के विधानसभा अध्यक्ष ने सम्बंधित मामले की लिखित शिकायत पुलिस अधीक्षक को सौंपी है साथ ही कांटछाट कर तैयार किये गये वीडियो व अन्य साक्ष्य भी आवेदन के साथ प्रस्तुत किये गये हैं। विधानसभा अध्यक्ष कांग्रेस युवा विधि प्रकोष्ठ अधिवक्ता शेख हनीफ ने पुलिस अधीक्षक छिन्दवाड़ा को सौंपी शिकायत में उल्लेख किया है कि परासिया निवासी अधिवक्ता संजय पटोरिया के द्वारा सोशल मीडिया पर सांसद श्री नकुलनाथ के खिलाफ एक भ्रामक वीडियो वायरल किया जा रहा है। वीडिया वायरल कर चुनाव में अशांति फैलाने व सामाजिक वातावरण को बिगड़ने की कोशिश की जा रही है। शेख हनीफ ने अपने आवेदन में उल्लेख किया कि वीडियो वायरल करने वाले के खिलाफ अविलम्ब प्रकरण पंजीबद्ध कर दण्डात्मक कार्रवाई की जायें ताकि चुनाव शांतिपूर्ण सम्पन्न हो सके।

### उमरेठ के पटपड़ा में आयोजित जनसभा में बोले पूर्व सीएम कमलनाथ

# मैंने किसानों का हाथ और साथ दोनों कभी नहीं छोड़ा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ छिंदवाड़ा



मैंने किसानों का हाथ और साथ दोनों कभी छोड़ा। प्रत्येक वर्ग की खुशहाली के लिये दिन-रात काम किया ताकि मेरे जिले का भविष्य सुरक्षित रहे। किसानों को सम्पन्न बनाने की दिशा में मेरा पहला कदम सोयाबीन की क्रांति लाना था तब लोग मुझे कहते थे इससे क्या होगा, लेकिन बाद में यह पीला सोना कहलाया।

अच्छे उत्पादन से अन्नदाता आर्थिक रूप से सक्षम हुये। मक्का और सोयाबीन के उत्पादन में हमारा जिला अव्वल रहा है। इसी प्रकार अन्य क्षेत्रों को भी मैंने कभी पिछड़ने नहीं दिया। उक्त उदगार आज मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री श्री कमलनाथ ने उमरेठ के पटपड़ा व मोहखेड़ के बीसापुर में आयोजित विशाल जनसभा को सम्बोधित करते हुये व्यक्त किये। कार्यक्रम से पूर्व श्री कमलनाथ ने जनसभा के मंच से अपने जिले के परिवारजनों को चैत्र नवरात्र की हार्दिक शुभकामनायें दी।

पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने अपने उदबोधन में आगे कहा कि मैंने सरकार बनते ही किसान कर्जमाफी, रोजगार के इंतजाम, वृद्धा पेंशन में वृद्धि, सौ रुपये में सौ यूनिट बिजली और भी कई योजनायें प्रारम्भ कराई जिसके लाभांवित तो आप भी है। छिन्दवाड़ा में कभी खाद की किल्लत नहीं हुई प्रदेश के अन्य जिलों में खाद के लिये कतारें लग जाती है।

मैंने किसानों के साथ-साथ हर वर्ग के साथ न्याय किया है। भाजपा ने 450 रुपये में रसोई गैस सिलेण्डर देने का वादा किया था आज भी पूरा नहीं हो पाया, किसानों की आय दोगुनी करने की बात से लेकर अनेकों घोषणायें उनके द्वारा की गई किन्तु एक भी पूरी नहीं हुई और यह बात भी आप सभी अच्छी तरह जानते हैं। ये लोग पुनः आप के बीच आयेंगे और गुमराह करने का प्रयास करेंगे किन्तु मुझे भरोसा है कि आप सच्चाई का साथ देंगे। सच्चाई तो आपके सामने हैं। महंगाई, बेरोजगारी, बढ़ता अपराध और अत्याचार से नागरिक जूझ रहा है फिर ये किस अच्छे दिन की बात करते हैं। प्रदेश को भ्रष्टाचार और अपराध का गढ़ बना दिया है। छिन्दवाड़ा में जो हुआ वह आपके बल और शक्ति से हुआ है। आप सभी ने मुझ पर विश्वास जताया तभी तो हम विकास की इतनी सीढ़ियां चढ़ पाये हैं। युवा पीढ़ी ने वो छिन्दवाड़ा नहीं देखा जब सड़कें नहीं थी। बड़े-बड़े गड्डे हुआ करते थे, मैं दौरा करने निकलता था तो लगता था कब जीप पलट जाये कोई भरोसा नहीं पैदल चलना पड़ता था।

## महिला समूहों से की विविध विषयों पर चर्चा

# जरूरत से दिल से जुड़े रिश्ते कायम रहते हैं- प्रिया नाथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



जिले के सांसद श्री नकुलनाथ की धर्मपत्नी श्रीमती प्रियानाथ ने आज सिंगोड़ी क्षेत्र में सघन जनसम्पर्क किया। उन्होंने आयोजित नुक्कड़ सभा को सम्बोधित करते हुये सर्वप्रथम जिलेवासियों को पावन पर्व चैत्र नवरात्र एवं हिन्दू नववर्ष की हार्दिक शुभकामनायें दी साथ ही मां जगत जननी से सर्वकल्याण के लिये प्रार्थना की।

कांग्रेस नेत्री श्रीमती प्रिया नकुलनाथ ने अपने उदबोधन में कहा कि रिश्ते वही बरकरार रहते हैं जो दिल से जुड़े हों ना कि जरूत से। श्रीमती प्रियानाथ ने सिंगोड़ी के बाबई में आयोजित जनसभा को सम्बोधित करते हुये कहा कि आप सभी जानते हैं कि वर्तमान समय में और इसके पूर्व भी छिन्दवाड़ा सहित हमारे म.प्र. में महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार होता रहा है। प्रदेश की 20 वर्षों की भाजपा सरकार ने कभी भी महिलाओं की सुध नहीं ली और आज भी समस्याओं का निराकरण नहीं किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि श्री कमलनाथ जी ने अपने जिले की महिलाओं को समाज के सभी क्षेत्रों में सदैव समान अधिकार दिलाया है। हमारे जिले की नारियों को कांग्रेस के द्वारा लोकसभा व विधानसभा का प्रतिनिधित्व किया गया है। शिक्षा, स्वास्थ्य, खेल, पुलिस, रेलवे, बैंकिंग व अन्य क्षेत्रों में जिले की बेटियों ने छिन्दवाड़ा का नाम गौरवान्वित किया है। प्रदेश में कमलनाथ जी की सरकार के दौरान दो-दो बेटियों ने एवेरेस्ट फतह की। यह सभी के सामने है।

श्रीमती प्रियानाथ ने अपनी चर्चा के दौरान महिलाओं को उनके मताधिकार और विशेषकर प्रथम बार की मतदाता युवतियों को उनके मतदान का महत्व समझाते हुये नकुलनाथ जी को वोट करने की अपील की साथ ही कहा कि 19 अप्रैल को पंजे की बटन दबाकर पुनः नकुलनाथ को भारी मतों से विजयी बनायें।

## वार्ड क्र. 5 मते कालोनी में शहर महिला कांग्रेस की बैठक संपन्न

**छिन्दवाड़ा** :- पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ, सांसद नकुलनाथ के निर्देशानुसार एवं जिला कांग्रेस अध्यक्ष विश्वनाथ ओक्टे, महिला कांग्रेस अध्यक्ष किरण चौधरी के मार्गदर्शन में आज शहर महिला कांग्रेस द्वारा वार्ड नंबर 5 मते कालोनी में श्रीमती अलका नाथ जी की विशेष उपस्थिति में श्रीमती संतोषी गजभिये द्वारा बैठक का आयोजन किया गया । इस अवसर पर श्रीमती नाथ ने वार्डवासियों को संबोधित करते हुये बताया कि उनका और जिलेवासियों का कमलनाथ जी और हमारे परिवार से विगत 50 वर्षो का रिश्ता रहा है, और हमेशा कमलनाथ जी ने छिंदवाड़ा जिले को प्रथम प्राथमिकता दी है फिर चाहे हो विकास की बात, लोगों की बीमारी में सहायता हो, बच्चों को रोजगार हो एवं बच्चों को उच्च शिक्षा दिलवाना हो, उन्होनें हर वर्ग, हर समाज के लोगों की बिना भेदभाव मदद की है, इसलिये अब उनके पुत्र नकुलनाथ को इन लोकसभा चुनावों में विजयी बनाकर संसद में भिजवाना जिससे जिले का निरंतर विकास होता रहे । इस अवसर पर मुख्य रूप से दीपा यादव, निशा यादव, बरखा द्विवेदी, साधना जंघेला, पिंकी चौधरी, ज्योति राय, अन्नू अरोड़ा, रेशमा खान, सलमा बी, रिजवाना, अनीशा बी, सायरा खान सहित वार्ड की महिलायें उपस्थित थी ।

## रंगोली से दिया मतदान करने का संदेश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा

शहर के शासकीय विज्ञान महाविद्यालय में छात्र छात्राओं द्वारा मतदाता जागरूकता के लिए रंगोली बनाकर लोकसभा चुनाव 2024 में शतप्रतिशत मतदान की अपील की गई। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई तथा मतदाता जागरूकता क्लब (ईएलसी) की छात्र-छात्राओं द्वारा भारत निर्वाचन आयोग तथा जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशों के परिपालन में स्वीप गतिविधियां 2024 के अंतर्गत मतदाताओं को मतदान करने के लिए जागरूक करने तथा अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए विभिन्न गतिविधियां महाविद्यलय द्वारा की जा रही है। इस मौके पर डॉ. शहनाज खान, डॉ. हर्षलता सोनटक्के, रा से यो कार्यक्रम अधिकारी छात्रा इकाई डॉ. ललिता धुर्वे, रा से यो कार्यक्रम अधिकारी छात्र इकाई प्रो. गणेश कुमार तुमडाम, प्रो. मनोज कुमार धुर्वे, श्री ए. झरिया, श्रीमती सिया मरकाम, श्रीमती रिजा बीजू, कुमारी पूजा भूते, श्री भोजराज कराले, कैंपस एंबेसडर दुर्गेश जुमडे, कुमारी पल्लवी घाटोडे, कु. श्रद्धा दलवी, श्रुति शर्मा, माधुरी हजारे, आरती महोबे, हर्षा बारमासे, हेमलता जवंजाल, प्रतीक्षा आहाके, चंद्रकला बघेल, राधिका कवडेती, जिनीषा साठोने, प्रिया घोड़े आदि छात्र छात्राएं उपस्थित थीं।

# भाजयुमो की परासिया व चौरई में युवा चौपाल

## भाजपा को समर्थन देने का किया गया आग्रह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

आज भारतीय जनता युवा मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष व भाजपा युवा मोर्चा लोकसभा प्रभारी छिंदवाड़ा श्री विश्वेंद्र सिंह मंडलोई व भाजपा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष योगेंद्र प्रताप राणा के द्वारा परासिया विधानसभा के उमरेठ मंडल,पगारा मंडल व चौरई विधानसभा के बिछुआ मंडल में युवा चौपाल लगाकर युवाओं से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की राम-राम को घर-घर पहुंचने के साथ विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए भाजपा को अपना मतदान करने का आग्रह किया गया प्रदेश उपाध्यक्ष विश्वेंद्र सिंह जी ने कहा की इस बार छिंदवाड़ा लोकसभा हम भारी बहुमत से जीतेंगे क्योंकि प्रधानमंत्री मोदी जी ने युवा महिला गरीब और किसान सभी के लिए काम किया है और इससे छिंदवाड़ा में सबसे ज्यादा मात्रा में लाभ पहुंचा है इसी के साथ श्री राणा ने कहा कि हमें छिंदवाड़ा के विकास के लिए भारतीय जनता पार्टी को अपना पहला मतदान करना है और अपने मतदान देने के साथ अपने परिवार और अपने सहयोगी और अपने क्षेत्र के लोगों से भी भाजपा को मतदान करवाना है। इस दौरान युवा मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष विश्वेंद्र सिंह मंडलोई जीभाजपा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष योगेंद्र प्रताप राणा जी जिला मंत्री अंकुश मेहरा मेहरा अतुल सराठे जी जिला कार्यालय मंत्री रिंकू साहू जी आतीफ अहमद जी युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष मुकुल साहू जी धर्मेंद्र अहिरवार जी घनश्याम पवार जी प्रमोद श्रीवास जी जनपद सदस्य विजय साहू आदि मौजूद थे।

## विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल ने विभिन्न स्थानों पर तिलक लगाकर दी हिंदू नव वर्ष की शुभकामनाएं




**छिंदवाड़ा।** विहिप जिला गोरक्षा प्रमुख ऋषभ तिवारी ने बताया कि विहिप जिला अध्यक्ष अरविंद प्रताप सिंह जी के निर्देशानुसार प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी दिनांक 09 अप्रैल दिन मंगलवार को नवरात्रि के पावन पर्व एवं हिंदू नव वर्ष के प्रथम दिवस पर विहिप, बजरंग दल ने समस्त जिले बासियो को शुभकामनाएं देते हुए रेलवे स्टेशन, प्राइवेट बस स्टैंड,नागपुर रोड, लालबाग पर सनातनियो को तिलक कर हिन्दू नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं दी और यह भी बताया कि यह वर्ष विशेष है। इसलिए कि भगवान श्रीरामलला पांच शताब्दी के बाद अपने नव्य-भव्य धाम में हैं। यह नव प्रभात है। रामलला के साथ ही संपूर्ण सनातन आस्था में उत्साह, उमंग, नव्यता प्राण-प्रतिष्ठित है, भारतीय संस्कृति में ऐसी मान्यता है कि देवी ने भगवान ब्रह्मा जी को इसी दिन से सृष्टि की रचना के लिए कहा था और ब्रह्मा जी ने शुरुआत की थी इसी दिन से विक्रम संवत के नए साल की शुरुआत होती है,यह वर्ष विक्रम संवत के अनुसार 2081 वा वर्ष है जोकि सामान्य कैलेंडर के अनुसार 57 वर्ष आगे चलता है। इस अवसर पर संगठन से ऋषिराज सिंह, अर्जुन पवार, अंकित वर्मा, गौरव सेन, निर्भय पटेल, रविराज सिंह,पारस डोले, सुधीर मक्कड़, आकाश कहार, प्रिंस पवार, दीपू बादशाह सहित अन्य

# सेवा संकल्प ने दिलाई मतदाताओं को मतदान करने की शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



सामाजिक सरोकारों में अग्रणी जन अभियान परिषद की नवांकुर संस्था सेवा संकल्प वेलफेयर सोसाइटी द्वारा जिला निर्वाचन अधिकारी कलेक्टर शीलेंद्र सिंह,स्वीप प्लान जिला नोडल अधिकारी जिला पंचायत सीईओ पार्थ जायसवाल के निर्देशानुसार स्वीप प्लान के अंतर्गत मतदाताओं को जागरूक के उद्देश्य से संस्थान द्वारा लगातार जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं इसी कड़ी में खजरी रोड स्थित अनुसूचित जाति महाविद्यालयीन बालक छात्रावास में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हुआ जिसमे संगोष्ठी एवं अधिक से अधिक मतदान के लिए सभी को संकल्प दिलाया । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर मध्य प्रदेश जनअभियान परिषद के जिला समन्वयक अखिलेश जैन, जामई विकासखंड समन्वयक संजय बामने, राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त वरिष्ठ समाजसेवी विनोद तिवारी, छात्रावास अधीक्षक कमलेश डेहरिया, संस्था के अध्यक्ष डाक्टर चंद्रकांत विश्वकर्मा ,सचिव संदीप अग्निहोत्री,कला पथक दल प्रमुख नरेंद्र पाल ,आराधना शुक्ला मुख्य रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम में सर्वप्रथम मतदाता जागरूकता संगोष्ठी के आयोजन की रूप रेखा से संस्था के अध्यक्ष डॉ चंद्रकांत विश्वकर्मा ने अवगत कराते हुए सभी का शाब्दिक स्वागत किया।इस अवसर पर अखिलेश जैन ने कहां की परिषद द्वारा पूरे जिले में मतदाताओं को जागरूक करने मतदाता जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है और आज नवांकुर संस्था संकल्प ने ऐसे युवाओं के साथ संगोष्ठी कर यह कार्यक्रम किया है यह निश्चित तौर पर प्रथम बार मतदान करने वाले युवा मतदाता है लोकतंत्र को मजबूत करने मतदान अवश्य करना है इस अवसर पर समाजसेवी विनोद तिवारी ने कहा की आप सभी युवा साथी लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी आहुति वोट के रूप में डालेंगे आप सभी निर्भीक निष्पक्ष होकर अपना वोट अवश्य डाले और अन्य युवाओं को भी वोट डालने प्रेरित करे। कमलेश डेहरिया ने लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए हमारा मत का दान क्यों आवशायक है इस पर जानकारी दी।



## स्वामी समर्थ महाराज का प्रकट दिवस मनेगा धूमधाम से

**पांढुर्णा।** आज 10 अप्रैल को नगर में दादाजी महाराज दरबार के सामने स्वामी समर्थ महाराज के मंदिर परिसर में समर्थकों द्वारा इनका प्रकट दिन धूमधाम से मनाए जाने का निर्णय लिया है। ज्ञात हो कि पांढुर्ना जिले में मराठी भाषी लोग बडी संख्या में निवास करते है। इनमें से अधिकांश लोग महाराष्ट्र के अक्कलकोट के विख्यात संत श्री स्वामी समर्थ महाराज में आस्था रखते है। आयोजकों द्वारा महाराज का प्रगट दिन उत्साह से मनाया जा रहा है। आयोजकों नहीं शाम 6 बजे महाआरती के उपरांत महाप्रसादी लेने अधिकाधिक भक्तजनों से पहुंचने की अपील की है।

## मुक्तिधामों में स्वच्छता का अभाव, नगर परिषद को नहीं है परवाह

# मोक्षधाम को नहीं मिल रही कचरे से मुक्ति, गंदगी के बीच पूरी होती है जीवन की अंतिम यात्रा

हरिभूमि न्यूज लांजी।



धर्मनगरी लांजी के कोटेश्वर धाम स्थित मोक्षधाम पूरी तरह बदहाली का शिकार हैं। नगर परिषद के ध्यान नहीं देने से श्मशान घाट के चारों ओर अव्यवस्था का आलम है। यहां अंतिम संस्कार के लिये पहुंचने वाले लोग चारो और फैली गंदगी से परेशान हैं परंतु नगर परिषद इस ओर ध्यान देना तो दूर कभी झांककर भी नहीं देखती। लोगों का कहना है कि नगर में एक भी ऐसा श्मशान घाट नहीं है, जहां मृत शरीर का ठीक तरह से अंतिम संस्कार किया जा सके। नगरवासियों ने अनेकों बार यहां के मोक्षधाम को सुंदर और स्वच्छ बनाने की अपील नगर परिषद लांजी से की, लेकिन मोक्षधाम को सुविधाजनक नहीं बनाया गया है। यहां पर जागरूकता के अभाव में अंतिम संस्कार के लिये पहुंचने वाले लोग ही कचरा फैलाते हैं परंतु कोई भी यहां की सुंदरता और विकास के लिये पहल नहीं करता जिसके के कारण भगवान कोटेश्वर महादेव मंदिर के सामने स्थित मोक्षधाम की हालत दिनों दिन खस्ताहाल होती जा रही है और जिम्मेदार मौन साधे बैठे है।

**प्लास्टिक की बोतल और पानी पाऊच से अटा पड़ा है मैदान:** कोटेश्वर मोक्षधाम में इन दिनों गंदगी का आलम चौतरफा फैला हुआ है। चारो ओर पानी, कोल्डिंग की खाली बोतले पाऊच, गुटखा के पाउच और कचरा चारो ओर फैला हुआ है परंतु नगर परिषद के कर्मचारी रोजाना सुबह उठकर पूरे नगर को तो साफ करते है परंतु किसी भी कर्मचारी को मोक्षधाम में भेजने की जहमत नगर परिषद के अधिकारी-कर्मचारी नहीं उठा पाते जिसके कारण लगातार मोक्षधाम में गंदगी का अंबार लगता जा रहा है। वहीं मोक्षधाम से होकर गुजरने वाले नाले में भी यहां आने लोग कचरा फेंक रहे है जिससे नाला भी दुर्गंध और गंदगी से पटा पड़ा है।

**कुर्सियां टूटी, फेसिंग तार भी नदारद:** एक तरफ मोक्षधाम में चारो तरफ गंदगी तो दूसरी तरफ अंतिम संस्कार के कार्यक्रम में शामिल होने कोई बुजुर्ग और बीमार व्यक्ति पहुंच जाए तो वह यहां आकर परेशान हो जाते है कारण यह की यहां न तो उनके बैठने की समुचित व्यवस्था है न खड़े रहने के लिये छायादार वृक्ष। जो गिनी चुनी कुर्सियां यहां हैं वह भी क्षतिग्रस्त हो चुकी है जिनके कभी भी टूटकर गिरने की आशंका बनी रहती है। वहीं असामाजिक तत्वों द्वारा यहां लगी हूई फेंसिंग तार को तोड़ दिया गया है जिससे मवेशियों का मोक्षधाम के अंदर आसानी से प्रवेश हो जाता है और वे यहां आकर मैदान में पड़े प्लास्टिक की बोतलों और पानी पाऊच को खा रही है जिससे उनके भी बीमार होने की आशंका रहती है।

**जिला मुख्यालय और वारासिवनी का मोक्षधाम उदाहरण:** जहां धर्मनगरी के नाम से पूरे प्रदेश में विख्यात लांजी के मोक्षधाम की इतनी दयनीय स्थित हो चुकी है वहीं जिला मुख्यालय बालाघाट का जागपुर घाट स्थित मोक्षधाम में भगवान शिव का अलौकिक मंदिर, गार्डन और अन्य सुविधाएं देखने लायक है जिसे नगर पालिका और किसी सामाजिक कार्यकर्ताओं ने बल्कि नगर के जागरूक युवाओं और बुद्धिजीवियों ने संवारा है तो दूसरी ओर वारासिवनी तहसील के मोक्षधाम को भी वारासिवनी नगर के जागरूक और होनहार युवाओं ने ऐसा रूप दिया है की लोग दांतो तले उंगली दबाने मजबूर है परंतु धर्मनगरी लांजी में हालात इसके उलट हैं और अपनी दुर्दशा पर मोक्षधाम स्वयं ही आंसू बहा रहा है।

### इनका कहना है

आपके द्वारा संज्ञान में बात लाई गई है, वर्तमान में हम सभी चुनाव कार्यक्रम में व्यस्त है। साथ ही नगर परिषद के साथ-साथ नगर के लोगों की भी जिम्मेदारी बनती है की वे यहां आएं तो स्वच्छता एवं सफाई का ध्यान रखें ताकि अन्य लोगों को कोई परेशानी न हो। चुनाव समाप्त होने के बाद तुरंत ही मोक्षधाम के कायाकल्प पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

**कन्हैया लाल टेकाम,**
**प्रभारी सीएमओ**
**नगर परिषद लांजी**

## ईसीआई द्वारा आम चुनाव 2024 में गलत सूचनाओं के लिये माइथ वर्सेस रियालिटी रजिस्टर पोर्टल लांच

**बालाघाट।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री अनुपम राजन ने बताया कि लोकसभा निर्वाचन 2024 में गलत सूचनाओं के प्रसार से निपटने और चुनावी प्रक्रिया की अखंडता को बनाए रखने के लिए, भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) द्वारा लोकसभा निर्वाचन के लिये माइथ वर्सेस रियालिटी रजिस्टर लॉन्च किया गया है। इसे मुख्य निर्वाचन आयुक्त श्री राजीव कुमार, चुनाव आयुक्त श्री ज्ञानेश कुमार और श्री सुखबीर सिंह संधू द्वारा निर्वाचन सदन, नई दिल्ली में लांच किया गया। माइथ वर्सेस रियालिटी रजिस्टर भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट (https://mythvs-reality.eci.gov.in/) पर उपलब्ध है। रजिस्टर के तथ्यात्मक मैट्रिक्स को नियमित रूप से अपडेट किया जाएगा। माइथ वर्सेस रियालिटी रजिस्टर की शुरूआत चुनावी प्रक्रिया को गलत सूचनाओं से बचाने के लिए ईसीआई द्वारा किये जा रहे प्रयासों में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।

चुनावी अखंडता के लिए धन, बाहुबल और आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के साथ-साथ विभिन्न चुनौतियों से निपटने के लिये गलत सूचनाओं का त्वरित प्रतिकार जरूरी है। विश्व स्तर पर कई लोकतंत्रों में गलत सूचना और झूठी कहानियों के प्रसार की बढ़ती चिंता के साथ, ईसीआई की यह अभिनव और सक्रिय पहल यह सुनिश्चित करने का एक विशेष प्रयास है कि मतदाताओं को पूरी चुनावी प्रक्रिया के दौरान सटीक और सत्यापित जानकारियां ही मिलें।

माइथ वर्सेस रियालिटी रजिस्टर पोर्टल में चुनाव अवधि के दौरान प्रसारित भ्रामक समाचारों, मिथकों और झूठ का प्रतिकार करने के लिए तथ्यात्मक जानकारी उपलब्ध रहेगी। इससे तथ्यों को प्रसारित कराने में मदद मिलेगी। इसे उपयोगकर्ता के अनुकूल प्रारूप में डिज़ाइन किया गया है। यह रजिस्टर पहले से ही प्रचारित चुनाव संबंधी फर्जी जानकारी, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर प्रसारित होने वाले मिथक, महत्वपूर्ण विषयों पर अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न और सभी हितधारकों के लिए संदर्भ सामग्री प्रदान करेगा।

### मतदाताओं को जागरूक करने के लिए किया रक्तदान

बालाघाट। आम लोकसभा निर्वाचन में मतदाताओं को जागरूक करने की इससे अच्छी मिशाल नही देखी। शुक्रवार को जिला पंचायत के परियोजना अधिकारी श्री विकास रघुवंशी और सहायक श्री रवि पालेवार ने मतदाताओं को जागरूक करने के लिए जिला अस्पताल में रक्तदान किया।रक्तदान करने के बाद दोनों ने ही मतदाताओं से 19 अप्रैल को मतदान करने का आव्हान किया।

# मतदाता जागरूकता की गलत फोटो और जानकारी देकर प्रशासन को किया जा रहा गुमराह




### शासकीय महाविद्यालय लांजी में पदस्थ प्रो. श्रीमती कांता वर्मा ने किया कारनामा

हरिभूमि न्यूज लांजी।

एक तरफ जिले के सभी शासकीय विभागों द्वारा लोकसभा चुनाव में स्वीप प्लान अंतर्गत कार्यक्रम एवं अन्य गतिविधियां कर युवाओं और ग्रामीणों के बीच मतदाता जागरूकता लाने का प्रयास किया जा रहा है। वहीं कुछ शासकीय शिक्षक अपनी इन जिम्मेदारियों से मुंह मोड़ते नजर आ रहे है और अपनी गलतियां छिपाने के लिये कुछ माह पूर्व ही संपन्न हुए विधानसभा चुनाव के मतदाता जागरूकता की फोटो लगाकर अपने कार्यों की इतिश्री करके शासन एवं प्रशासन को गुमराह करने का प्रयास किया जा रहा है। ताजा मामला जनपद क्षेत्र लांजी का है जहां विगत 03 अप्रैल को नोडल अधिकारी प्रो. कांता वर्मा के द्वारा हस्ताक्षर अभियान चलाया तो गया परंतु जिला निर्वाचन अधिकारी को 1 ही दिन में 2 कार्यक्रमो की फोटो भेजी गई जो सरासर गलत है। नोडल अधिकारी प्रो. कांता वर्मा द्वारा लांजी नगर पंचायत अंतर्गत आने वाले वार्ड क्रमांक 1 ग्राम काशीटोला में इनके द्वारा विधानसभा चुनाव के समय की फोटो भेजी गई और उनके द्वारा चुनाव आयोग को भ्रमित करने का काम किया गया कि हमारे द्वारा एक ही दिन में दो स्थानों पर कार्यक्रम किए गए।

### जिला निर्वाचन अधिकारी को भ्रमित करने का प्रयास

प्रो. कांता वर्मा द्वारा गलत फोटो भेजने से समाचार पत्रों में भी पुरानी तस्वीर प्रकाशन में आई जब काशीटोला में पड़ताल की गई तब उनके द्वारा डाली गई फोटो की सच्चाई सामने आई कि यह फोटो विधानसभा चुनाव 2023 की है उनके द्वारा ग्राम इटोरा में हस्ताक्षर अभियान चलाया गया व किसानों के बीच में ना जाकर एक राजनीतिक पार्टी से जुड़े पूर्व जिला पंचायत सदस्य एवं सभापति विजय खेरे के घर के पीछे कृषि भूमि में जाकर उनके द्वारा इस कार्यक्रम को पूर्ण किया गया जबकि निर्वाचन की नियमावली कहीं भी ऐसा उल्लेख नही है की शासकीय अधिकारी-कर्मचारी राजनीतिक पार्टी से जुड़े व्यक्ति विशेष की मौजूदगी में उसकी निजी संपत्ति में निर्वाचन से जुड़ा कोई कार्य संपादित कर सके।

# ग्राम गर्रा में होंगे विविध कार्यक्रम : मरार माली समाज कल मनायेगा महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती


हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

राष्ट्रपिता ज्योतिबाराव फुले की 197 जयंती का आयोजन 11 अप्रैल को मरार माली समाज वारासिवनी के सहयोग से सर्किल समिति एवं ग्राम समिति गर्रा के संयुक्त तत्वावधान में ग्राम गर्रा में मनाई जाने वाली हैं। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में राजकुमार चौधरी जिला उपाध्यक्ष मरार माली समाज बालाघाट व अध्यक्षता प्रहलाद पंचेश्वर सर्किल अध्यक्ष मरार माली समाज समिति गर्रा रामपायली उपस्थित रहेगे।

ज्योतिबा फुले जयंती का प्रारंभ 11 अप्रैल को सुबह वारासिवनी के रामपायली रोड पर कालेज चौक पर स्थित महात्मा फुले चौक में स्थापित महात्मा ज्योतिबा फुले की आदमकद प्रतिमा पर पुष्पांजली एवं माल्यार्पण कर किया जायेगा। यह कार्यकम सुबह 10 बजे से 12 बजे तक चलेगा। उसके बाद मंचीय कार्यक्रम का आयोजन दोपहर 1 बजे से शाम 5 बजे तक फुले भवन ग्राम गर्रा रामपायली में होगा और शाम 5 बजे से लेकर साढ़े 5 बजे तक स्वल्पाहार का वितरण किया जायेगा।

इस कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रुप में अशोक मरार ब्लॉक अध्यक्ष मरार माली समाज वारासिवनी, सरस्वती पंचेश्वर प्रभारी महिला प्रकोष्ठ जिला मरार माली समाज बालाघाट, परमानंद नागफासे प्रभारी फुले प्रकोष्ठ वारासिवनी, नंदलाल तामेश्वर प्रभारी कर्मचारी प्रकोष्ठ मरार माली समाज वारासिवनी, पी डी बाहेश्वर ब्लॉक कोषाध्यक्ष वारासिवनी, राजकुमार कावरे सरपंच ग्राम पंचायत देवगॉव, रेवाराम पंचेश्वर ब्लॉक संगठन मंत्री वारासिवनी, फागूलाल मरठे सरपंच ग्राम पंचायत मोहगॉव खुर्द, दुर्गा जी कैनावत पूर्व सरपंच ग्राम पंचायत सोनझरा, विनोद मात्रे पूर्व सदस्य गर्रा जनपद पंचायत वारासिवनी, मुरलीधर कावरे उपसरपंच ग्राम पंचायत गर्रा व धनेन्द्र नागेश्वर पूर्व जिला प्रतिनिधि महदुली उपस्थित रहेगे।

कार्यक्रम का मंच संचालन राजकुमार ठाकरे सर्किल सचिव गर्रा द्वारा किया जायेगा। कार्यक्रम आयोजक सर्किल समिति एवं ग्राम समिति गर्रा व समस्त कार्यकारिणी पदाधिकारी एवं सदस्यगण गर्रा रामपायली ने समाज के लोग से अपील की हैं कि वह इस कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर उसे सफल बनाने में सहयोग करे।



# अब बैगा परिवार भी करेंगे शत प्रतिशत मतदान

**बालाघाट।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा व जिला स्वीप नोडल अधिकारी श्री डीएस रणदा के निर्देशन में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम निरंतर जारी है। इसी कड़ी में शनिवार को जपं वारासिवनी सीइओ सुश्री दीक्षा जैन मार्गदर्शन में स्वीप गतिविधि का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत बैगा परिवारों को मतदान का महत्व समझाने तथा बिना किसी प्रलोभन के अपना मतदान का प्रयोग करने की शपथ दिलाने विकासखंड स्तरीय टीम कोचेवाही, वारासिवनी पहुंची। कार्यक्रम में बैगा परिवारों ने शतप्रतिशत मतदान की शपथ ली जिसमे सभी वर्ग के मतदाता शामिल हुए ।



# चैत्र नवरात्र : नगर से निकली विशाल शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

चैत्र नवरात्र पर्व की शुरुआत हिंदू नव वर्ष प्रतिपदा मंगलवार से हुई। इसके साथ कई सहयोग जुड़े हुए हैं जिनका पौराणिक और धार्मिक महत्व है। हिंदू समाज ने इस अवसर पर विशाल शोभायात्रा निकाली। शोभायात्रा राम मंदिर शुक्रवारी चौक, नेहरू रोड, नगर पालिका, बस स्टैंड, दल सागर तालाब से होते नगर के विभिन्न मार्गो से गुजरी। इस दौरान पुलिस बल चौक चौराहो पर तैनात रहा।

# तेंदुआ शावक पर कुत्तों ने किया हमला, मौत

वन परीक्षेत्र बंडोल अंतर्गत कलारबाकी मार्ग स्थित छीतापार गांव से लगे जंगल में मंगलवार की सुबह कुत्तों के हमले से तेंदुआ शावक की मौत हो गई।सूचना के बाद वन अमले ने मौके पर पहुंचकर तेंदुआ शावक को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।वहीं गांव के लोगों को सतर्क रहने की समझाइश दी है। छीतापार गांव के ग्रामीणों ने बताया है कि मंगलवार की सुबह मवेशी चराने वाले ने भूरा चंद्रवंशी के खेत के पास तेंदुआ शावक के पीछे कुत्तों को पीछा करते देखा था।इस सूचना पर भूरा चंद्रवंशी ने इसकी सूचना वन विभाग को दी।साथ ही गांव वालों के साथ मौके पर पहुंचा।यहां देखा गया कि तेंदुआ शावक चार कुत्तों से बचने के लिए एक पेड़ से दूसरे पेड़ पर कूदकर अपनी जान बचाने का प्रयास कर रहा है।

**गांव वालों के अनुसार तेंदुआ शावक एक पेड़ से दूसरे पेड़ पर कूदने के दौरान पेड़ से नीचे कटीली झाडियों में गिर गया। इसी बीच उस पर कुत्तों ने हमला कर दिया। मौके पर मौजूद गांव के लोगों व वनकर्मियों ने बड़ी मुश्किल से कुत्तों को भगाकर तेंदुआ शावक को झाड़ियों से बाहर निकाला।**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

हालांकि तक तक तेंदुआ शावक की मौत हो चुकी थी। शावक के शव को पोसटमार्टम के लिए भेजा गया है।

ग्रामीणों के अनुसार खेत से लगे जंगल के पास एक अन्य तेंदुआ शावक भी देखा गया, जो ग्रामीणों को देखकर जंगल की ओर भाग गया। वहीं मादा तेंदुआ की भी आस पास ही जंगल में होने की संभावना है। ऐसे में वन विभाग के अमले द्वारा इस क्षेत्र में सर्चिंग कराई जा रही है। साथ ही गांव के लोगों को भी खेत आने-जाने के दौरान सतर्क रहने की समझाइश दी जा रही है।

# मतदान केन्द्रों में आवश्यक मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता की कलेक्टर ने की समीक्षा

**लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत आगामी 19 अप्रैल को होने वाले मतदान एवं मतदान केन्द्रों की आवश्यक मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता को लेकर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री क्षितिज सिंघल ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी सीईओ जनपदों, सीएमओ से मतदान केन्द्रवार जानकारी प्राप्त की। उन्होंने सभी 1407 मतदान केन्द्रों में पेयजल, शौचालय, बिजली, आवश्यक फर्निचर की उपलब्धता के बारे में सीधे अधिकारी से जानकारी लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

उन्होंने मतदान दिवस के लिए पंखे-कूलर के साथ साथ छांव के लिए टेंट आदि की व्यवस्था करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने मतदान दलों के 18 एवं 19 अप्रैल को ठहरने, भोजन-पानी आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करने को लेकर भी अधिकारियों को निर्देशित किया। कलेक्टर श्री सिंघल ने सभी मतदान केन्द्रों में आकस्मिक वर्षा की संभावना को दृष्टिगत रखते हुए वाटर फ्रुप टेंट की व्यवस्थाएं करने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर श्री सिंघल ने सभी मतदान केन्द्रों में मतदान दिवस पर व्हील चेयर एवं वॉलिंटेयर्स की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सिवनी श्री नवजीवन विजय सहित सीईओ जनपद, सीएमओ तथा स्कूल शिक्षा विभाग के अधिकारी उपस्थित रहें।

# नवरात्रि : भक्तों का मंगल करने शुभ सर्वार्थ सिद्धि योग में घर पधारीं माता

**चैत्र माह की प्रतिपदा से शुरू हो रहे नव संवत्सर के पहले दिन माता का आगमन हो गया है। सुबह से ही माता के दर्शन पूजन करने भक्तों की लंबी कतारें सिद्ध देवी दरबारों में लगी हैं। ज्योतिषाचार्यों के अनुसार इस बार माता विशेष योगों व मुहूर्त में भक्तों का कल्याण करने पधारीं।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

गुढ़ी पड़वा के पूजन और हिन्दु नववर्ष की खुशियों के बीच शुभ योगों में माता की आराधना शुरू हो जाएगी, जो कि 17 अप्रेल महानवमीं तिथि तक चलेगी। इस बार नवरात्रि पूरे नौ दिनों तक मनाई जाएगी। तिथियों का दोहराव व क्षरण नहीं होगा।



## गूंजे मातारानी के जयकारों से शक्ति पीठ

**चैत्र नवरात्र के प्रथम दिन मातारानी के जयकारों के साथ शक्तिपीठ गूंज उठे। शहर के मध्य गढ़ कालिका के दरबार में भक्तों ने पहुंचकर दर्शन वंदन कर हिन्दू नववर्ष की शुरुआत की। सूर्यदेव को अघ्र्य देकर वर्ष भर मंगलमय होने की प्रार्थना के साथ निरोगी के लिए नीम का शरबत भी ग्रहण किया। शहर की सामाजिक संस्था संगठनों की ओर से भाल पर केसरिया तिलक लगाकर राहगीरों को नव संवत्सर की अभिवादन करते हुए शुभकामनाओं का आदान प्रदान किया।**

## होंगे अनुष्ठान

चैत्र नवरात्र के अवसर पर जवारों का विशेष महत्व होता है। माता रानी के दरबार में श्रद्धालु मनोकामना पूरी होने पर जवारे बुवाते हैं। इसके बाद दसवें दिन जवारों को पूरे विधान के साथ विसर्जित करते हैं। इस अवसर पर जिले के सभी शक्तिपीठों के साथ ही माता रानी के दरबार में जवारे बोए जाएंगे। साथ ही मंदिरो व घरों पर विशेष अनुष्ठान सहित अन्य पूजा अर्चना प्रारंभ।

## होंगे विशेष श्रृंगार

माता रानी के मंदिरो में विशेष साज-सज्जा के साथ ही श्रद्धालुओं के लिए समुचित व्यवस्था बनाई गई है। साथ ही आगामी नौ दिनो तक मंदिरों में माता रानी का विशेष श्रृंगार किया जाएगा। नगर के दुर्गा माता मंदिर में नौ दिनो तक माता रानी का अलग-अलग श्रृंगार के साथ ही माता रानी की महाआरती के साथ ही अन्य धार्मिक आयोजन होंगे। माता रानी को जल चढ़ाने सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी।

## खबर संक्षेप

### केवलारी विधायक रजनीश सिंह ने ओला प्रभावित ग्रामों का किया दौरा

हरिभूमि न्यूज सिवनी। सोमवार को केवलारी विधायक ठाकुर रजनीश हरवंश सिंह ने अपने विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न ओला प्रभावित ग्रामो का दौरा किया। दौरा कार्यक्रम के दौरान केवलारी ब्लॉक के अंतर्गत ग्राम चिरचिरा टोला,चिरचिरा,साँठई,घंसौर का दौरा किया।दौरा में किसानों के साथ साथ खेत पहुंचकर बारिश और बर्फबारी से किसानों की क्षति ग्रस्त फसलों का जायजा लिया व पीड़ित किसानों को ढांढस बंधाया। विधायक ठाकुर रजनीश हरवंश सिंह जी द्वारा संबंधित अधिकारियों से चर्चा कर किसानों की फसल की क्षतिपूर्ति हेतु सर्वे कर उचित मुआवजा दिलाये जाने हेतु निर्देशित किया व संबंधितो को आवश्यक कार्यवाही किये जाने की अपील की।

### नरवाई जलाने की रोकथाम को लेकर प्रतिबंधात्मक आदेश जारी

कार्यालय कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री क्षितिज सिंघल ने व्यापक लोकहित को दृष्टिगत रखते हुए दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 के अन्तर्गत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी कर जिले में फसलों की कटाई के पश्चात अवशेषों (नरवाई) को जलाने को प्रतिबंधित किया है। कलेक्टर श्री सिंघल द्वारा जारी आदेशानुसार यदि कोई भी किसान अपनी फसल कटाने के पश्चात फसलों के अवशेषों (नरवाई) को नही सकेगा। रबी मौसम की फलसों की कटाई में कम्बाईन हार्वेस्टर के साथ स्ट्रॉ मैनेजमेंट सिस्टम लगाना अनिवार्य होगा। यदि कृषक फसलों की कटाई से कम्बाईन हार्वेस्टर के साथ स्ट्रा मैनेजमेन्ट सिस्टम का उपयोग नही करता है, तो उन्हें स्ट्रॉ रिपर का उपयोग कर फसलों के अवशेषों से भूसा प्राप्त होगा।

### शिवकुमार राकेशिया का निधन



सिवनी/छपारा : मोनू राकेशिया नवभारत समाचार के ब्यरो के बडे भाई शिवकुमार राकेशिया (पटवारी जी) का जबलपुर उपचार के दौरान अचानक ह्रदयगति रुक जाने के कारण निधन हो गया, जिनका अंतिम संस्कार 10 अप्रैल बुधवार सुबह 10 बजे बार्ड क्रमांक 3 ललमटिया छपारा स्थित मोक्ष धाम में किया जाएगा।

# वन अमले की संयुक्त कार्रवाई:2 घरों से मिली 21 नग कीमती लकड़ियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

जिले में पेड़ों की अवैध कटाई कर वन संपदा का दुरुपयोग करने वालों पर सोमवार के समय वन विभाग ने कार्रवाई की है। साथ ही 21 नग कीमती लकड़यिां बरामद कर 2 प्रकरण बनाए हैं। भारती ठाकरे संभागीय प्रबंधक बरघाट परियोजना मंडल सिवनी ने बताया कि परियोजना परिक्षेत्र बेहरई के अंतर्गत परियोजना परिक्षेत्र अधिकारी बेहरई दिनेश झारिया और उनके अधीनस्थ अमले की ओर से भारतीय वन अधिनियम के तहत वनोपज की तलाशी की कार्रवाई की गई।


श्रीमति भारती ठाकरे (भा.व.से.), सम्भागीय प्रबंधक, बरघाट परियोजना मण्डल, सिवनी, म.प्र. राज्य वन विकास निगम, के निर्देशन में परियोजना परिक्षेत्र बेहरई के अंतर्गत परियोजना परिक्षेत्र अधिकारी बेहरई दिनेश झारिया तथा उनके अधीनस्थ अमले द्वारा भारतीय वन अधिनियम के तहत वनोपज की तलाशी की कार्यवाही की गई, जिसमें दिनांक 07.04.2024 को ग्राम गांगपुर निवासी शिवदयाल आत्मज साहूलाल, थाना तहसील-बरघाट, जिला सिवनी के घर से सागौन चिरान 12 नग 0.041 घन मी. एवं सागौन लट्ठा 01 नग 0.029 घन मी. जप्त कर, वन अपराध प्रकरण क्रमांक, 419/14, दिनांक 07.04.2024 पंजीबद्ध कराया गया। एवं दिनांक 08.04.2024 को मानसिंह आत्मज भागचंद पंवार ग्राम लालपुर, थाना+तहसील-बरघाट, जिला सिवनी के घर से प्रजाति सागौन लट्ठा 03 नग 0.115 घ. मी., सागौन चिरान 04 नग 0.023 घ.मी., सागौन बल्ली 11 नग 0.126 घ.मी., आलपाल बल्ली 03 नग 0.048 घन मी. कुल वनोपज 21 नग 0.312 घ.मी. एवं 01 चिरान करने का औजार ब्लेड सहित जप्त कर, वन अपराध प्रकरण क्रमांक, 419/15, दिनांक 08.04.2024 पंजीबद्ध कराया गया।



उक्त दोनों दिवस में जप्त वनोपज का मूल्य रू. 23568.00 होता है। उक्त जप्ती कार्यवाही में परियोजना परिक्षेत्र अधिकारी बेहरई श्री दिनेश झारिया, श्री देवेन्द्र ग्रामोत्रा, प.स. धारना वृत्त भाग-1, श्री अखिलेश अड़कने, प.स. बेहरई वृत्त, श्री पी.एल. मसराम, प.स. धारना वृत्त भाग-2, वनरक्षक श्री विनियेन्द्र मर्सकोले, श्री प्रदीप बघेल, श्री गणेश मानेश्वर, क्षेत्ररक्षक श्री अनिल कुमार शर्मा, श्रीमति रजनी भारती, श्री वाहिद खान, स्थायीकर्मी श्री जानकी बिसेन, श्री लेखराम ठाकुर, श्री रामसिंह, श्री नंदकिशोर, श्री राजेन्द्र चौहान एवं श्री हरचंद हरिनखेड़े, श्री रमेश, श्री असलम खान, श्री दशरथ, श्री सतेन्द्र, श्री धरम, श्री ओमप्रकाश का सराहनीय योगदान रहा।

# विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया गया

**सिवनी।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस शासकीय कन्या महाविद्यालय सिवनी में महाविद्यालय की प्राचार्य एवं संरक्षिका प्रो. अमिता पटेल के मार्गदर्शन में विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया गया । विश्व स्वास्थ्य दिवस हर साल विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के स्थापना दिवस पर मनाया जाता है। वैश्विक स्वास्थ्य मुद्दों के बारे में जागरूकता बढ़ाने और कल्याण के महत्व को उजागर करने के लिए प्रतिवर्ष 7 अप्रैल को यह दिवस मनाया जाता है। इस दिन को मनाने के लिए, दुनिया भर से लोग सभी के लिए एक स्वस्थ दुनिया को बढ़ावा देने और WHO की उपलब्धियों को पहचानने के लिए एक साथ आते हैं। वर्ष 2024 WHO की 76वीं वर्षगांठ है और उत्सव के एक भाग के रूप में WHO ने 'मेरा स्वास्थ्य, मेरा अधिकार' चुना है। विश्व स्वास्थ्य दिवस 2024 की थीम के रूप में, जो मौलिक मानव अधिकार पर केंद्रित हैः गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य देखभाल, शिक्षा और सूचना तक पहुंच। विश्व स्वास्थ्य दिवस का मुख्य उद्देश्य दुनिया भर में जिन स्वास्थ्य मुद्दों से निपटते हैं, उनके बारे में लोगों के बीच जागरूकता बढ़ाना है। यह लोगों, संगठनों और सरकारों को सिखाता है कि संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्यों के एक हिस्से के रूप में वैश्विक स्वास्थ्य मुद्दों को कैसे संबोधित किया जाए।इस अवसर पर उमंग उच्च शिक्षा स्वास्थ्य हेल्थ एवं वैलनेस कार्यक्रम के अंतर्गत एक दिवसीय कार्यशाला डॉ. अभिषेक श्रीवास्तव जी (नूतन महिला कल्याण समिति सिवनी) के द्वारा स्वास्थ्य सम्बन्धी जानकारी प्रदान की गयी जिसमें उनके द्वारा छात्राओं को वर्तमान में होने वाली स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्याओं से अवगत कराया जैसे एनीमिया, कोरोना, टीवी, पीसीओडी, डिप्रेशन, गर्मी से संबंध होने वाली बीमारी हीट स्ट्रोक के बचाव संबंध में सुझाव दिया।




## एंजल दुबे ने वार्षिक परीक्षा में 94% अंक किये प्राप्त

डीसी रोल मॉडल एक्सीलेंस स्कूल में अध्ययनरत कक्षा सातवीं की छात्रा एंजल दुबे ने वार्षिक परीक्षा में 94% अंक प्राप्त करने पर शिक्षक गणों एवं परिवार जनों ने बधाई दी एवं उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# विविध गतिविधियों के माध्यम से मतदाताओं को मतदान के लिए किया जा रहा प्रेरित

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री क्षितिज सिंघल के मार्गदर्शन एवं सीईओ जिला पंचायत एवं स्वीप प्रभारी श्री नवजीवन पंवार निर्देशन में लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत आगामी 19 अप्रैल को होने वाले मतदान में शत-प्रतिशत मतदाताओं की सहभागिता सुनिश्चित कराने की दिशा में स्कूलों में रंगोल, मेंहदी, निबंध, वाद-विवाद जैसी गतिविधियां आयोजित कर मतदान करने का संदेश दिया जा रहा है। इसी तरह वोटर अवेयरनेस ग्रुप, आंगनवाडी कार्यकर्ता, आशाकार्यकर्ता तथा स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा स्थानीय मतदाताओं के घर-घर जाकर तथा ₹एक दिया लोकतंत्र के नाम₹ जैसी गतिविधियों के माध्यम से मतदान करने हेतु प्रेरित किया जा रहा है। इसी क्रम में श्रम विभाग एवं जिला व्यापार एवं उद्योग कार्यालय द्वारा जिले के विभिन्न प्रतिष्ठानों में कार्यरत श्रमिकों एवं कार्यालय स्टाफ को मतदान करने की शपथ दिलाई जा रही है।




## दीप प्रज्जवलित कर दिया मतदान का संदेश

नगर के शासकीय आईटी आई कालेज छपारा में स्वीप प्लान 2024 की गतिविधियों के अंतर्गत भारत निर्वाचन आयोग तथा जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार निर्वाचन सहभागिता में अभिवृद्धि हेतु नित्य नये कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। इसी क्रम में एक दीया लोकतंत्र के नाम कार्यकम आयोजित किया गया। जिसमें दीयों को प्रज्जवलित कर मण्डला लोकसभा क्षेत्र में निर्वाचन आयोग निर्धारित मतदान की तिथि 19 अप्रैल 2024 उकेरी गई इसके साथ स्लोगन भी उकेरे गये। जिससे एक मनोरम दृश्य तैयार हुआ। कॉलेज प्राचार्य नलिन तिवारी ने बताया कि आगामी 9 अप्रैल से मां जगतजननी की आराधना का पर्व नवरात्री प्रारम्भ होने जा रही है। भारतीय संस्कृति में दीप प्रज्जवलन का बहुत महत्व है। इससे आसपास का वातारण शुद्ध व सकारात्मक हो जाता है। दीप हमारी संस्कृति की अलौकिकता का प्रतीक है। जिस प्रकार दीप की ज्योति हमेशा ऊपर की ओर उठी रहती है उसी प्रकार मानव की वृत्ति भी सदा ऊपर ही उठे, यही दीप प्रज्जवलन का अर्थ है। स्वीप नोडल अधिकारी यश्विन ठाकुर ने कहा कि हमारे षोडश संस्कारों में दीप प्रज्जवलन का अलग महत्व है। आईटी आफिसर संजय उइके ने कहा दीपक हमें अज्ञान रूपी अंधकार को दूर करके पूर्ण ज्ञान प्राप्त करने का संदेश देता है।

नवरात्रि पूर्व सभी मतदाताओं से आवश्यक रूप से मतदान की अपील संस्था परिवार ने की। कॉलेज छात्रा पूर्वी ने कहा कि दीपोत्सव के इस अलौकिक दृश्य को देखकर में अभिभूत हूं। छात्र जतिन ठाकुर ने कहा कि इन दीपकों की ज्योति से मैंने संकल्प लिया है कि स्वजनों को मतदान के लिये प्रेरित करूंगा। दीपोत्सव कार्यक्रम को सफल बनाने में शैलेन्द्र ठाकुर,सतीश सूर्यवंशी, अमित शर्मा, राजकुमार सोयाम, राकेश तिवारी, हर्ष सोनी, प्रतिभा सोनी, रंजना गुप्ता, शालिनी उइके, मनीषा थापा का विशेष योगदान रहा।

# राजस्थानी महिला मंडल ने धूम धाम से मनाया गणगौर उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

राजस्थानी महिला मंडल द्वारा 7 अप्रैल को लूघरवाड़ा स्थित अग्रोहा लान में गणगौर उत्सव धूमधाम से मनाया गया। महिला मंडला द्वारा 25 सालों से लगातार गणगौर उत्सव मनाया जा रहा है। रविवार को आयोजित कार्यक्रम में राजस्थानी महिला मंडल की अध्यक्ष पुष्पा अग्रवाल, सचिव हेमा अग्रवाल, कोषाध्यक्ष ज्योति अग्रवाल, सदस्य अनीता शर्मा, नीता शर्मा ने गणेश वंदना प्रस्तुत की। सदस्यों द्वारा स्वागत गीत के साथ डांस की प्रस्तुति दी गई। 75 साल से अधिक उम्र की वरिष्ठ महिलाओं स्वागत व सम्मान अध्यक्ष पुष्पा अग्रवाल व सदस्यों द्वारा शाल व श्रीफल से किया गया। गणगौर उत्सव में शामिल सोलह श्रृंगार कर आकर्षक परिधान में सजी 6 ब्यावलियों को राजस्थानी परंपरा अनुसार चुनरी के नीचे मंडल की राजस्थानी महिला मंडल की महिलाओं द्वारा ढोल-बाजों के साथ मंच तक लाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सिवनी अग्रवाल समाज समिति के पदाधिकारियों ने दीप प्रज्जवलित कर किया।

गणगौर पूजने वाली बहु-बेटियों ने मंच पर ससुराल का परिचय दिया साथ ही डांस व अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों में शानदार प्रस्तुति दी गई। संस्था की पीआरओ संगीता गौर, विमला अग्रवाल, अनीता अग्रवाल, पुष्पा अग्रवाल ने सरप्राइज गेम खिलाया व पुरस्कार दिए। अग्रवाल समाज की बहू-बेटियों को पार्वती जी की विदा होते हुए गीत सुनाया गया। राजस्थानी महिला मंडल में दो ग्रुपों ने शानदार प्रस्तुति दी, जिन्हें संस्था द्वारा पुरस्कृत किया गया। मंच संचालन संगीता गौर, विमला अग्रवाल, अनीता शर्मा ने किया। कार्यक्रम में अलका अग्रवाल, उमा अग्रवाल सहयोग रहा।

### प्रधानमंत्री मोदी ने बालाघाट में जनसभा को संबोधित किया...

# मोदी बोले- धमकी न दें, महाकाल का भक्त हूं! बालाघाट में कहा- मैं या तो महाकाल के आगे झुकता हूं या जनता जनार्दन के सामने

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि अब तक जो विकास के कार्य किए हैं वो तो फुलझड़ी है। अभी तो विकास के रॉकेट को और भी ऊंचाई पर लेकर जाना है। पीएम मोदी ने कहा कि अभी तो ये ट्रेलर है। अभी भारत को नए मुकाम पर ले जाना है। उन्होंने कहा कि मोदी मौज करने के लिए पैदा नहीं हुआ है।

पीएम मोदी ने खुद को भगवान महाकाल का भक्त बताया। उन्होंने कहा कि मोदी या तो महाकाल के सामने झुकता है या फिर जनता जनार्दन के सामने।

प्रधानमंत्री मोदी ने बालाघाट में जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने सभा में उमड़ी भीड़ को देखकर कहा- 'इतनी बड़ी तादाद में माताओं-बहनों का प्यार साफ दिखा रहा है कि 4 जून को मध्यप्रदेश में क्या परिणाम आने वाले हैं। विधानसभा चुनाव में ही आपने कांग्रेस को पूरी तरह साफ कर दिया है।

पीएम मोदी ने कहा कि लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के लोग भाजपा से नहीं लड़ रहे, वो तो आपस में एक-दूसरे से लड़ रहे हैं।'

#### बालाघाट से गोंदिया ब्रॉडगेज रेलवे लाइन का काम मोदी ने पूरा किया

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा- सबका साथ सबके विकास के मंत्र पर बीजेपी सरकार काम कर रही है। देश के हर शहर को, हर गांव को प्राथमिकता दे रही है। सिवनी-नागपुर के बीच फोरलेन हाईवे हो, गोंदिया-बालाघाट-सिवनी हाईवे हो, नर्मदा प्रगति पथ हो, विंध्य प्रगति पथ हो, आधुनिक वंदेभारत ट्रेन हो, एमपी के 80 रेलवे स्टेशनों का विकास हो, बीजेपी सरकार एमपी का कायाकल्प कर रही है।





पीएम ने कहा- बालाघाट से गोंदिया वाली जिस ब्रॉडगेज रेलवे लाइन की नींव करीब 30 साल पहले रखी गई थी, उसे भी मोदी ने आकर पूरा किया। बालाघाट की वारासिवनी हैंडलूम साड़ियों को जीआई टैग मिले, बनारसी साड़ियों की तरह उनकी भी धूम मचे, बीजेपी सरकार इसके लिए भी काम कर रही है। यही विकसित मध्यप्रदेश से विकसित भारत की मोदी की गारंटी है।

#### कांग्रेस अभी भी अपनी पुरानी मानसिकता में जकड़ी

मोदी ने कहा- कांग्रेस अभी भी अपनी पुरानी मानसिकता में जकड़ी हुई है। भाजपा जब आदिवासी महिला राष्ट्रपति के लिए आगे बढ़ी, तब कांग्रेस ने उन्हें हराने के लिए पूरी ताकत लगा दी। कांग्रेस आजादी का श्रेय किसी आदिवासी को नहीं, अपने शाही परिवार को देना चाहती है। हमारी सरकार ने टंट्या मामा जैसे कई आदिवासी क्रांतिकारियों को सम्मान दिया।

#### पीएम बोले- मोदी भक्त है महाकाल का

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा- जो लोग अपनी तिजोरियां भरने राजनीति में आए हैं वे मोदी को धमकी न दें, मोदी तो अपनी कमाई भी देश सेवा में लगा देने की आदत रखता है। मोदी महाकाल का भक्त है, मोदी झुकता है तो या तो जनता जनार्दन के सामने या महाकाल के सामने।

#### अब तक के काम फुलझड़ी, अभी तो विकास का रॉकेट और ऊंचा ले जाना है

मोदी ने अब तक जो काम किए हैं, वो तो फूलझड़ी है। अभी तो विकास का रॉकेट और ऊंचा ले जाना है। असली दिपावली मननी तो अभी बाकी है। इसके लिए ही मैं आपसे आशीर्वाद लेने आया हूं।

## नक्सल प्रभावित झकोरदा गांव में मतदाताओं के लिए लगाई चौपाल



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

मतदाता जागरूकता अभियान के तहत नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में भी मतदाताओं को अपने मताधिकार का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। मंगलवार को बैहर विधानसभा के बिरसा जनपद में डाबरी पंचायत के झकोरदा गांव में मतदाताओ को मतदान करने के लिए चौपाल आयोजित की गई। बीपीओ डीएस परते ने बताया कि ग्रामीण मतदाताओ को मतदान करने के सम्बंध में समय और तारीख बताई गई। उन्हें कहा कि मतदान करना आपका हक है। इससे चुके नहीं, 19 अप्रैल को सुबह 7 बजे से 4 बजे के बीच मतदान केंद्र में मतदान जरूर करें। साथ ही अपनी पहचान का कोई भी दस्तावेज जैसे- जॉब कार्ड, बैंक पासबुक या मतदाता परिचय पत्र अवश्य ले जाये। चौपाल में सचिव छत्तर मरावी, मोबिलायजर सुनीता परते,बीएलओ हिरदु सिंह इनवाती और आगनवाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित रही। चौपाल के पश्चात मतदाता जागरूकता की शपथ भी दिलाई गई।

## 1 अप्रैल को हुई अंधाधुंध फायरिंग की मजिस्ट्रेट जांच के लिए अधिकारी नियुक्त

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** 1 अप्रैल को लांजी थाना क्षेत्र के पितकोना-केरझिरी जंगल में पुलिस और नक्सल के बीच हुई मुठभेड़ की मजिस्ट्रेट जांच के लिए लांजी एसडीएम श्री प्रदीप कुमार कौरव को जांच अधिकारी नियुक्त किया गया है। जांच अधिकारी ने बताया कि इस घटना के सम्बंध में जो भी व्यक्ति साक्ष्य प्रस्तुत करना चाहते है। वे एसडीएम कार्यालय समय में या जांच अधिकारी के समक्ष 23 अप्रैल तक उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। ज्ञात हो कि 1 अप्रैल को पितकोना-केरझिरी जंगल क्षेत्र में प्रतिबंधित भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी संगठन के कान्हा-भोरमदेव व जीआरबी डिवीजन के सक्रिय सशस्त्र नक्सलियों द्वारा एक राय होकर घातक अवैध अग्नेय शस्त्रों से लेस होकर पुलिस बल को हताहत करने व हथियार लूटने के इरादे से पुलिस पार्टी पर अंधाधुंध फायरिंग कर हामला किया। पुलिस ने आत्म रक्षा में की फायरिंग में 38-40 वर्ष की वर्दीधारी सशस्त्र महिला माओवादी एक एके-47, रायफल के साथ 53 से 55 वर्षीय एक सशस्त्र पुरुष माओवादी एक 12 बोर रायफल के साथ मृत पाया गया। घटना स्थल पर मृत पाए गए महिला माओवादी की पहचान कान्हा-भोरमदेव डिवीजन की प्लाटून-02 की डिवीजन कमेटी सदस्य सजान्ति उर्फ क्रांति पति सुरेंदर निवासी ग्राम रेगाड़म थाना भेज्जी जिला सुकमा (छत्तीसगढ़) व मृतक पुरुष माओवादी की पहचान प्रथम दृष्टया मलाजखंड एरिया कमेटी सदस्य रघु उर्फ शेर सिंह उर्फ सोमजी पन्द्रे ददेकसा चौकी डाबरी थाना लांजी बालाघाट के रूप में हुई है।

### जिला निर्वाचन अधिकारी और आयोग के प्रेक्षक ने किया निरीक्षण

## ईवीएम मशीनों का कमीशनिंग कार्य हुआ प्रारम्भ

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



आम लोकसभा निर्वाचन-2024 के अंतर्गत आयोग के निर्देशानुसार मंगलवार को स्थानीय पॉलीटेकनिक महविद्यालय में ईवीएम मशीनों के कमीशनिंग कार्य प्रारम्भ हुआ। कमीशनिंग कार्य के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा और निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त प्रेक्षक श्री शुभचरन सिंह ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने आयोग के निर्देशों का पूर्णतः पालन करने के निर्देश दिए। इस दौरान समस्त विधामसभाओ के एआरओ उपस्थित रहे। कमीशनिंग कार्य प्रारम्भ होने से पूर्व सम्बंधित विधानसभाओ के एआरओ और राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में स्ट्रांग रूम खोला गया। पॉलीटेकनिक कॉलेज में चल रहे ईव्हीएम एवं व्हीव्हीपैट मशीनों के कमीशनिंग कार्य में आयोग निर्देशानुसार गोपनीयता बनाए रखते हुए कमीशनिंग का कार्य का कार्य किया जा रहा है। आगामी 19 अप्रेल को होने वाले लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिये उपयोग होने वाली मशीनों के विधानसभावार कमीशनिंग व सीलिंग का कार्य किया जा रहा है।

### खबर संक्षेप

#### सात बैलगाड़ियों से लगभग 3 किलोमीटर तक रैली निकालकर दिया मतदाता जागरूकता का संदेश

**बालाघाट।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा व जिला स्वीप नोडल अधिकारी श्री डीएस रणदा के निर्देशन में रविवार को जनपद पंचायत बिरसा के ग्राम पंचायत अचानकपुर में तहसीलदार श्री राजूलाल नामदेव, बीपीओ श्री डीएस परते, सालेटेकरी चौकी प्रभारी श्री धनसिंह धुर्वे, प्रधान आरक्षक श्री रमेश ठाकरे, एपीओ मनरेगा श्री दिलीप कूड़ापे सचिव श्री विनय पंच तिलक रोजगार सहायक श्री गोवर्धन बहेश्वर की उपस्थिति में सात बैलगाड़ियों से लगभग 3 किलोमीटर तक रैली निकालकर मतदाताओं को शत प्रतिशत मतदान करने के लिये प्रेरित किया गया।

#### शासकीय महाविद्यालय लामता द्वारा चलाया जा रहा मतदाता जागरूकता अभियान

**बालाघाट।** शासकीय महाविद्यालय लामता के निर्वाचन साक्षरता क्लब एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों के द्वारा आगामी लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए विभिन्न तरह के आयोजन किये जा रहे है। इसी कड़ी में शनिवार को मतदाता जागरूकता रैली, हस्ताक्षर अभियान, मतदान शपथ एवं वोट जैसा कुछ नहीं वोट जरुर डालेंगे हम मेरा पहला वोट देश के लिए थीम के आधार पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रोफ़ेसर सुंदरलाल बिसेन द्वारा बताया गया कि सभी अपने मत का प्रयोग अवश्य करें और लोकतंत्र के इज पर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।

## चलित मतदान केंद्रों पर 1875 मतदाताओं ने किया मतदान




हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार बालाघाट में रविवार और सोमवार को 85 वर्ष से अधिक आयु के तथा दिव्यांग मतदाताओं के मतदान के लिए चलित मतदान केंद्र बनाए गए। पोस्टल बैलेट नोडल अधिकारी श्री डीएस रणदा ने जानकारी देते हुए बताया कि दो दिनों में 1875 मतदाताओं ने अपने मतदाधिकार का चलित मतदान केंद्रों पर मतदान किया। मतदाताओ से सहमति ली गई कि वे मतदान केंद्रों पर मतदान करेंगे या चलित मतदान केंद्र के माध्यम से मतदान करेंगे। ऐसे 1943 मतदाताओं ने चलित मतदान केंद्रों पर मतदान करने की सहमति दी थी। पहले दिन रविवार को 85 वर्ष से अधिक आयु के 606 मतदाताओं में से 573 ने तथा 391 दिव्यांगजन मतदाताओं में से 386 मतदाताओं ने मतदान किया। जबकि दूसरे दिन सोमवार को 85 वर्ष से अधिक आयु के कुल 1189 में से 1133 व 754 दिव्यांगजन मतदाताओं में से 742 मतदाताओं ने मतदान किया। इस तरह दो दिनों में चलित मतदान केंद्रों के माध्यम से 1943 में 1875 मतदाताओं ने मतदान किया।

### लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग हर शिकायत को तत्परता से लें

## पेयजल के लिए कंट्रोल रूम पर आने वाली शिकायतों को सामान्य न माने

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल समस्या में निराकरण के लिए लोक स्वास्थ्य विभाग, नगरीय निकाय और ग्रामीण विकास विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने लोक स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिए कि पेयजल की समस्याओं के निराकरण के लिए विभिन्न कंट्रोल स्थापित किये गए है। किसी भी कंट्रोल रूम पर आने वाली समस्या/ शिकायत को त्वरित सीरियसली लेंगे। साथ ही समस्या निवारण के लिए तत्काल प्रयास प्रारम्भ किये जायें। इसके अलावा फील्ड से तहसीलदार, सीएमओ या सीईओ आदि से कोई भी सूचना पेयजल से जुड़ी है। उस पर सक्रियता से कार्य करेंगे। कलेक्टर डॉ. मिश्रा यह भी निर्देश दिए कि किसी क्षेत्र में जल स्त्रोत सुख रहे है तो राइजिंग पाइप डालकर समस्याओं का निराकरण करें। यदि कही निजी ट्यूबवेल या कुंआ अधिग्रहण करना है तो प्रस्ताव भेजें। वहीं किसी क्षेत्र में जल परिवहन किया जा रहा है तो उस क्षेत्र का भौतिक सत्यापन आवश्यक रूप से कर लेंवे। बिजली की समस्या के कारण कही भी पेयजल वितरण का कार्य प्रभावित नही हो यह सुनिश्चित किया जाए। जलकर वसूली आवश्यक है लेकिन नल कनेक्शन कांटे न जाये। कलेक्टर डॉ. मिश्रा में कुछ गाँवो में पेयजल की समस्या के सम्बंध में जानकारी भी ली। सम्बंधित सीईओ ने बताया कि स्थानीय स्तर समस्या का समाधान किया जा चुका है। जल स्त्रोत सुख रहे है तो बोरिंग मशीन ले जाकर खुदाई या कुँवा गहरीकरण आदि के कार्य प्रारम्भ करें। बैठक में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री श्री बीएल उइके, बालाघाट नपा सीएमओ श्री निशांत श्रीवास्तव सहित समस्त सीईओ व सीएमओ मौजूद रहे।

#### सार्वजनिक स्त्रोत में क्लोरीन डाला जाये

बैठक के दौरान जिपं सीईओ श्री डीएस रणदा ने सभी सीईओ व सीएमओ से कहा कि जिले के सभी सार्वजनिक पेयजल स्त्रोतों में आवश्यक रूप से क्लोरीन का उपयोग किया जाए। लोक स्वास्थ्य विभाग इसकी भी चिंता आवश्यक रूप से करें।

### पोस्टल बैलेट से मतदान करने वाली बालाघाट की पहली पत्रकार सावित्री

# प्रथम चरण में शामिल जिलों में बालाघाट में सुविधा केंद्र के माध्यम से कराया मतदान

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

भारत निर्वाचन आयोग ने पहली बार मीडिया/पत्रकारों की चुनाव में अत्यावश्यक सेवा मानते हुए पोस्टल बैलेट के माध्यम से वोटिंग करने की सुविधा दी। प्रदेश में इस सुविधा से मतदान करने में श्रीमती सावित्री दानी सबसे पहली पत्रकार बन गई है। ग्रामीण क्षमता की रिपोर्टर श्रीमती दानी ने आयोग का आभार जताते हुए बताया कि आयोग ने यह अच्छी सुविधा दी है। इसकी प्रक्रिया भी बड़ी सरल है। अब हम मतदान दिवस के दिन कवरेज के लिए किसी भी विधानसभा में जा सकते है। अन्यथा स्वयं की वोटिंग के कारण कवरेज करना थोड़ा मुश्किल होता था। मतदान अधिकारियों ने भी सुविधा केंद्र में इस नई व्यवस्था के माध्यम से किस तरह मतदान करना होगा। बड़े अच्छे से समझाया। ज्ञात हो कि बालाघाट में प्रदेश में प्रथम चरण में मतदान 19 अप्रैल को मतदान होगा। प्रथम चरण में मतदान वाली किसी भी संसदीय सीट पर अब तक अत्यावश्यक सेवा वाले मतदाताओ की वोटिंग नही हुई है। जिला जनसम्पर्क अधिकारी पुष्पेंद्र वास्कले ने बताया कि ऐसे संचार प्रतिनिधि जिन्हें आयोग ने अधिकृत किया होगा उन्हें ही इस सेवा के माध्यम मतदान करने का अवसर दिया जाएगा। पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान के लिए 22 मार्च को प्रशिक्षण आयोजित किया गया। जिसमें संचार प्रतिनिधियों को पोस्टल बैलेट की पूरी व्यवस्था समझाई गईं। नोडल अधिकारी पोस्टल बैलेट श्री राजेश कुमार खोबरागड़े ने बताया कि पत्रकारों ने वास्तविक मतदान दिवस 19 अप्रैल को कवरेज की व्यस्तता के कारण पोस्टल बैलेट से मतदान करने के लिए प्रारूप-12-डी से मतदान करने की सहमति दी। जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा मंगलवार से गुरुवार तक अत्यावश्यक सेवा में शामिल विभागों के लिए सुविधा केंद्र के माध्यम से मतदान कराने के लिए कलेक्टर कार्यालय स्थित कक्ष क्रमांक-102 में सुविधा केंद्र बनाया गया। मंगलवार को पहले दिन कुल 29 मतदाताओ ने पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान किया। वहीं इस माध्यम से वोटिंग करने वाले विभागों में मीडिया के अलावा एमपीईबी व नगर पालिका की शाखा फायर ब्रिगेट के कुल 109 मतदाता है। जो मतदान के दिन महत्वपूर्ण कार्यो में संलग्न रहेंगे।



## आज भारती पारधी का किरनापुर और लांजी क्षेत्र में सघन जन-संपर्क

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

आज भाजपा लोकसभा प्रत्याशी, भारती पारधी विधानसभा लांजी के किरनापुर और लांजी क्षेत्र में विधायक राजकुमार कर्राहे, पूर्व विधायक रमेश भटेरे, विधानसभा प्रभारी अभय सेठिया, मंडल प्रभारी गोपाल आडवाणी, जनपद अध्यक्ष कल्याण सिंह राणा, भुवन राहंगडाले, मंडल अध्यक्ष पवन पारधी, सीताराम रावते, भाजपा कार्यकर्ता, पदाधिकारी व जनप्रतिनिधि के नेतृत्व में गांव-गांव, वार्ड-वार्ड में सघन जन-संपर्क कर, बैठक, सभाएं, जनसंवाद के माध्यम से जन आशीर्वाद लेंगी। जिसके तहत भारती पारधी सुबह 9 बजे चिखलामाली, 9.30 बजे कांद्री खुर्द, 10 बजे पारडी, 10.30 बजे कांद्रीकला 11 बजे कडकना, 11.30 बजे कोकना, दोपहर 12 बजे



सेवती, 12.30 बजे बिनोरा, 2 बजे किरनापुर, 2. 30 सिवनी खुर्द, अपरान्ह 3 बजे मोरवाही, 3.30 बजे पिपरटोला, 4 बजे माटे, 4. 30 भालवा, 5 बजे करियादंड, 5.30 बजे कुंडे, शाम 6 बजे निमदेवाडा, 6.30 बजे डूंडा सिवनी, 7 बजे मोहगांव खुर्द, 7.30 बजे मडकापार और 8 बजे केशा में सम्मिलित होगी। इस दौरान आमजन मानस, भाजपा कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से बड़ी संख्या में अपनी गरिमामय उपस्थिति का आग्रह है।